Prepp
Your Personal Exams Guide

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD
## सी ई एन - 06/2025 - CEN - 06/2025
## एनटीपीसी (स्नातक स्तर) की भर्ती / Recruitment of NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 17/03/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC GRADUATE CBT 1 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC GRADUATE CBT 1**

**Q.1** सात बक्से A, C, G, H, J, N और R एक के ऊपर एक रखे हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों।
N के ऊपर केवल तीन बक्से रखे गए हैं। H और N के बीच केवल एक बक्सा रखा गया है। H और A के बीच केवल तीन बक्से रखे गए हैं। A को N के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। R को A के ठीक नीचे रखा गया है। C को G के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। J को H के ठीक ऊपर या ठीक नीचे नहीं रखा गया है। H के ऊपर कितने बक्से रखे हैं?

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 2
- ✓ C. 5
- ✗ D. 3

**Q.2** विंडोज OS में, किस प्रकार की फ़ाइल को सिस्टम फ़ाइल के रूप में वर्गीकृत किए जाने की सबसे अधिक संभावना है?

Ans
- ✗ A. .docx
- ✗ B. .mp3
- ✓ C. .dll
- ✗ D. .zip

**Q.3** हड़प्पा सभ्यता मुख्य रूप से किस क्षेत्र से अपना तांबा प्राप्त करती थी?

Ans
- ✗ A. तमिलनाडु
- ✗ B. मध्य प्रदेश
- ✗ C. कर्नाटक
- ✓ D. राजस्थान

**Q.4** यदि x और y दो ऐसे मान हैं जिनका अंतर (x − y), 5 है और गुणनफल (xy), 21 है, तो $x^2 + y^2 + xy$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 88
- ✗ B. 130
- ✗ C. 180
- ✗ D. 440

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.5** तटीय क्षेत्रों पर उष्णकटिबंधीय चक्रवातों की प्रमुख विध्वंशकारी शक्ति क्या है?

**Ans**
- ✗ A. लगातार वर्षा
- ✗ B. निम्न वायुमंडलीय दाब
- ✗ C. उच्च तापमान
- ✓ D. तूफ़ान महोर्मि

**Q.6** पुस्तकों और उनके संबंधित लेखकों के गलत संयोजन का चयन कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. गीत गोविन्द – जयदेव गोस्वामी
- ✗ B. बाबरनामा – बाबर
- ✗ C. पृथ्वीराज रासो – चंदबरदाई
- ✓ D. तुगलक नामा – अबुल फजल

**Q.7** दिसंबर 2025 में, PNGRB के टैरिफ में किए गए संशोधन से शहरी गैस वितरण (CGD) परिवहन लागत में सालाना कितनी (₹ में) कटौती होने की उम्मीद थी?

**Ans**
- ✗ A. 750 करोड़
- ✓ B. 1,000 करोड़
- ✗ C. 500 करोड़
- ✗ D. 2,000 करोड़

**Q.8** विश्व सांस्कृतिक नीति एवं सतत विकास सम्मेलन – MONDIACULT 2025 किस शहर में आयोजित किया गया था?

**Ans**
- ✓ A. बार्सिलोना, स्पेन (Barcelona, Spain)
- ✗ B. मैड्रिड, स्पेन (Madrid, Spain)
- ✗ C. रोम, इटली (Rome, Italy)
- ✗ D. पेरिस, फ्रांस (Paris, France)

**Q.9** सात व्यक्ति F, G, H, I, V, W और X एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। G, X के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। V, G के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। I के दाएँ से गिनने पर, H और I के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F, H का निकटतम पड़ोसी है। W के दाएँ से चौथे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans**
- ✗ A. H
- ✗ B. V
- ✗ C. X
- ✓ D. F

**Q.10** भारत में बड़े शहरों में तृतीयक गतिविधियों का अनुपात अधिक क्यों होता है?

**Ans**
- ✗ A. खनन कार्यों के कारण
- ✗ B. उपजाऊ भूमि के कारण
- ✗ C. प्राथमिक संसाधनों की कमी के कारण
- ✓ D. शहरी समूहन और सेवाओं की मांग के कारण

**Q.11** यदि 15 पुरुष प्रतिदिन 6 घंटे काम करके किसी कार्य को 20 दिनों में पूरा कर सकते हैं, तो 18 पुरुष प्रतिदिन 5 घंटे काम करके समान कार्य को पूरा करने में कितने दिन लेंगे?

**Ans**
- ✗ A. 18
- ✗ B. 24
- ✓ C. 20
- ✗ D. 15

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.12** घंटी A प्रत्येक 18 मिनट में, घंटी B प्रत्येक 24 मिनट में और घंटी C प्रत्येक 30 मिनट में बजती है। ये सभी घंटियाँ पहली बार 6:30 AM पर एक साथ बजती हैं। वह समय ज्ञात कीजिए जब ये घंटियाँ तीसरी बार एक साथ बजेंगी।

**Ans**
- ✗ A. 12:30 PM
- ✗ B. 3:30 PM
- ✗ C. 9:30 PM
- ✓ D. 6:30 PM

**Q.13** A, B और C मिलकर एक कार्य को 54 दिनों में पूरा कर सकते हैं। B और C मिलकर उसी कार्य को 56 दिनों में पूरा कर सकते हैं। B, A से 75% अधिक कार्य कुशल है। A, B और C मिलकर 52 दिनों तक कार्य करते हैं। शेष कार्य को B अकेले कितने दिनों में पूरा करेगा?

**Ans**
- ✗ A. 30 दिन
- ✗ B. 34 दिन
- ✓ C. 32 दिन
- ✗ D. 27 दिन

**Q.14** निम्नलिखित में से कौन-सा, राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों के संदर्भ में सुमेलित नहीं है?

**Ans**
- ✓ A. अनुच्छेद 41 - न्यायसंगत और मानवीय कार्य परिस्थितियों तथा मातृत्व अवकाश के लिए प्रावधान
- ✗ B. अनुच्छेद 40 - ग्राम पंचायतों का संगठन
- ✗ C. अनुच्छेद 43A - उद्योगों के प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी
- ✗ D. अनुच्छेद 39A - समान न्याय और निःशुल्क कानूनी सहायता

**Q.15** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
18, 73
23, 93

**Ans**
- ✗ A. 25, 104
- ✗ B. 26, 104
- ✓ C. 26, 105
- ✗ D. 25, 105

**Q.16** निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है

(बाएँ) B T # A M @ * * # € © * C H # N £ H Q £ T O (दाएँ)

ऐसे कितने अक्षर हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है?

**Ans**
- ✓ A. 4
- ✗ B. 6
- ✗ C. 3
- ✗ D. 5

Prepp Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.17 ऑपरेशन ट्विस्ट (operation twist) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. ऑपरेशन ट्विस्ट केंद्रीय बैंकों की एक मौद्रिक नीति है जिसका उपयोग ब्याज दरों को कम करने और देश में निवेश को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है।
2. इस ऑपरेशन के तहत, RBI ने बाजारों में तरलता लाने के लिए सरकारी प्रतिभूतियों के प्रतिफल में बदलाव किया।
3. यह ओपन मार्केट ऑपरेशंस (OMO) के माध्यम से अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों प्रकार की सरकारी प्रतिभूतियों की एक साथ खरीद और बिक्री करके किया जाता है।

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिए।

Ans
✗ A. केवल 1 और 3
✗ B. केवल 2 और 3
✗ C. केवल 1 और 2
✓ D. 1, 2 और 3

Q.18 14 cm व्यास वाले अर्धगोलाकार पात्र का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात कीजिए। (दशमलव के दो स्थान तक पूर्णांकित करें)
($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans
✗ A. 618.67
✗ B. 781.33
✗ C. 681.33
✓ D. 718.67

Q.19 AB एक वृत्त की जीवा है जिसका केंद्र P पर है। A और B के बीच लघु चाप AB पर C एक बिंदु है। बिंदुओं A और B पर वृत्त की स्पर्श रेखाएं एक बाह्य बिंदु M पर प्रतिच्छेदित करती हैं। यदि $\angle ACB = 124^\circ$ है, तो $\angle AMB$ का माप ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ A. $68^\circ$
✗ B. $63^\circ$
✗ C. $72^\circ$
✗ D. $58^\circ$

Q.20 निम्नलिखित में से कौन-सी सूचना, RTI अधिनियम, 2005 के अंतर्गत सूचना के प्रकटीकरण से छूट का आधार नहीं है?

Ans
✗ A. विचार-विमर्श के रिकॉर्ड सहित कैबिनेट के कागजात
✗ B. भारत की संप्रभुता और अखंडता
✓ C. जनहित
✗ D. संसद के विशेषाधिकार का उल्लंघन

Q.21 CD और DVD जैसे प्रमुख स्टोरेज माध्यम ऑप्टिकल तकनीक का उपयोग करते हैं, जबकि HDD बिट्स को स्टोर करने के लिए _________ तकनीक पर निर्भर करते हैं।

Ans
✗ A. सॉलिड-स्टेट मेमोरी
✗ B. सेमीकंडक्टर चिप
✗ C. लिक्विड क्रिस्टल
✓ D. मैग्नेटिक फील्ड

Q.22 ईशान के पास ₹1407 हैं। वह इस धनराशि को अपने दो पुत्रों, कृष और वीर के बीच बाँट देता है और उन्हें अपने-अपने हिस्से को वार्षिक रूप से संयोजित होने वाली 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर निवेश करने के लिए कहता है। यह देखा गया है कि 13 वर्षों के बाद कृष्ण के निवेश का मिश्रधन, 14 वर्षों के बाद वीर के निवेश के मिश्रधन के बराबर है। ईशान ने वीर को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

Ans
✗ A. 520
✗ B. 737
✓ C. 670
✗ D. 837

Q.23 Lg, Dv की पुत्री है। Jq, Qb की पुत्री है। Pd, Dv की पत्नी है। Qb, Lg का भाई है। Jq का Dv से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पिता के पिता
- ✗ B. पुत्री की पुत्री
- ✓ C. पुत्र की पुत्री
- ✗ D. पुत्र की पत्नी

Q.24 राघव की मासिक आय ₹24,000 है। वह प्रत्येक महीने मकान किराए पर ₹7,500 और खाने-पीने व बिजली-पानी के बिलों पर ₹3,500 खर्च करता है। शेष राशि उसकी मासिक बचत है। अपने जन्मदिन वाले महीने में वह अपनी संपूर्ण मासिक बचत उत्सव मनाने में खर्च कर देता है। राघव की एक वर्ष की कुल बचत (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 1,38,000
- ✗ B. 1,45,000
- ✗ C. 1,36,000
- ✓ D. 1,43,000

Q.25 निम्नलिखित में से किस तकनीकी प्रगति ने प्रारंभिक लौह युग में भारी, नम मृदा की कृषि को संभव बनाया?

Ans
- ✗ A. पत्थर की सूक्ष्मशिला और खुरचनी
- ✓ B. लोहे के हल और कुल्हाड़ी
- ✗ C. तांबे की दरांती और चाकू
- ✗ D. कांसे की छेनी और कुदाल

Q.26 यदि '+' का अर्थ '−' है, '−' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '÷' है और '÷' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

316 − 2 ÷ 37 + 436 × 4 = ?

Ans
- ✗ A. 540
- ✗ B. 590
- ✓ C. 560
- ✗ D. 520

Q.27 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

55 53 50 45 38 ?

Ans
- ✗ A. 31
- ✗ B. 29
- ✓ C. 27
- ✗ D. 33

Q.28 आत्मीय सभा के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

Ans
- ✗ A. आत्मीय सभा ने ब्रह्म समाज की नींव रखी
- ✗ B. आत्मीय सभा की स्थापना राजा राम मोहन राय ने की थी
- ✗ C. कलकत्ता में आत्मीय सभा की स्थापना की गई थी
- ✓ D. आत्मीय सभा की स्थापना 1824 में हुई थी

Q.29 सात बॉक्स, A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं है कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। D और B के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल E को G के ऊपर रखा गया है। B के नीचे कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। A को C के नीचे किसी स्थान पर लेकिन F के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। B और G के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
- ✗ A. 1
- ✗ B. 2
- ✗ C. 3
- ✓ D. 4

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.30 भारतीय संविधान का अनुच्छेद 25 मुख्यत: निम्नलिखित में से किस अधिकार की गारंटी देता है?

Ans
- ✔ A. धर्म की स्वतंत्रता
- ✘ B. सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार
- ✘ C. संवैधानिक उपायों का अधिकार
- ✘ D. कानून के समक्ष समानता का अधिकार

Q.31 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

98 100 103 108 115 ?

Ans
- ✘ A. 127
- ✔ B. 126
- ✘ C. 125
- ✘ D. 128

Q.32 निम्नलिखित में से किस व्यक्ति को वेनेजुएला में लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने और तानाशाही से लोकतंत्र में न्यायपूर्ण और शांतिपूर्ण परिवर्तन के लिए निरंतर प्रयासों के लिए 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किया गया?

Ans
- ✘ A. मैरी ई. ब्रुनकोव (Mary E. Brunkow)
- ✘ B. डेल्सी रोड्रिगेज (Delcy Rodríguez)
- ✘ C. जुआन गुआइदो (Juan Guaidó)
- ✔ D. मारिया कोरिना मचाडो (Maria Corina Machado)

Q.33 एक निश्चित कूट भाषा में, 'MILE' को '9574' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'TIME' को '5429' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'T' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✘ A. 5
- ✘ B. 4
- ✔ C. 2
- ✘ D. 9

Q.34 निम्नलिखित लोक गीतों को उनके मूल राज्यों (Origin States) के साथ सुमेलित करें।

लोक गीत मूल राज्य
1. पनिहारी (Panihari) a. पश्चिम बंगाल
2. खोंगजोम परबा (Khongjom Parba) b. राजस्थान
3. वानावान (Wanawan) c. जम्मू और कश्मीर
4. बाउल (Baul) d. मणिपुर

Ans
- ✘ A. 1-d, 2-a, 3-c, 4-b
- ✔ B. 1-b, 2-d, 3-c, 4-a
- ✘ C. 1-c, 2-d, 3-b, 4-a
- ✘ D. 1-a, 2-d, 3-b, 4-c

Q.35 (-9) - (-56) ÷ (-14) + (-2) × 8 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. -28
- ✔ B. -29
- ✘ C. -32
- ✘ D. -31

Q.36 4 से विभाज्य होने वाली 8 अंकों की संख्या 718A5104 में A का अधिकतम मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 5
- ✔ B. 9
- ✘ C. 4
- ✘ D. 6

Q.37 निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर दिए गए अक्षर-संख्या समूहों में से कौन सा अक्षर-समूह रखने पर यह तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?
UBE 14 IPS 28 WDG 42 KRU 56 ?

Ans
✔ A. YFI 70
✘ B. XEG 72
✘ C. VIF 70
✘ D. SDH 72

Q.38 27 अगस्त 2025 को किस सूचकांक के अनुसार वैश्विक उपभोक्ता विश्वास लगातार दूसरे महीने अपरिवर्तित रहा और -0.1 अंक पर स्थिर बना रहा?

Ans
✔ A. इप्सोस वैश्विक उपभोक्ता विश्वास सूचकांक
✘ B. UNDP मानव विकास सूचकांक स्कोर
✘ C. J.P मॉर्गन वैश्विक PMI समग्र सूचकांक
✘ D. विश्व बैंक वैश्विक फिंडेक्स डेटाबेस

Q.39 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।

(बाएँ) K C © C V € @ € # U © & Y £ © I $ N W # & Q (दाएँ)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है?

Ans
✘ A. 6
✔ B. 4
✘ C. 5
✘ D. 3

Q.40 निम्नलिखित आंकड़ा-समुच्चय के माध्य से माध्य विचलन ज्ञात कीजिए।
58, 65, 42, 66, 49, 59, 44, 45, 62, 60

Ans
✔ A. 8
✘ B. 7.4
✘ C. 7
✘ D. 7.7

Q.41 एक दुकानदार किसी वस्तु का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से 150% अधिक निर्धारित करता है। 130% का लाभ प्राप्त करने के लिए अंकित मूल्य पर कितने प्रतिशत की छूट प्रदान की जानी चाहिए?

Ans
✔ A. 8%
✘ B. 10%
✘ C. 7%
✘ D. 5%

Q.42 यदि संख्या 8134576 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक से 2 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाईं ओर से दूसरा अंक निम्नलिखित में से कौन-सा होगा?

Ans
✘ A. 4
✔ B. 2
✘ C. 8
✘ D. 6

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.43 हेमंत बिंदु A से चलना शुरू करता है और पूर्व दिशा में 22 km चलता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 17 km चलता है, फिर दाएं मुड़कर 31 km चलता है। इसके बाद वह फिर दाएं मुड़ता है और 19 km चलता है। अंत में वह दाएं मुड़कर 9 km चलता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं)

Ans
- ✗ A. दक्षिण की ओर 3 km
- ✗ B. उत्तर की ओर 2 km
- ✓ C. दक्षिण की ओर 2 km
- ✗ D. उत्तर की ओर 3 km

Q.44 निम्नलिखित संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है। सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं।
(बाएँ) £ 9 2 9 £ # 4 9 8 2 9 © © 7 @ 6 8 € 7 € € # (दाएँ)
ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनके ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद भी एक संख्या है?

Ans
- ✗ A. 5
- ✗ B. 3
- ✗ C. 6
- ✓ D. 4

Q.45 भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा औद्योगिक वित्तपोषण संस्थान 1990 में स्थापित किया गया था?

Ans
- ✓ A. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI)
- ✗ B. इंडस्ट्रियल क्रेडिट एंड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (ICICI)
- ✗ C. इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (IDBI)
- ✗ D. भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (IFCI)

Q.46 2025 में ICC महिला ODI वर्ल्ड कप के फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार किसे दिया गया?

Ans
- ✗ A. हरमनप्रीत कौर
- ✗ B. स्मृति मंधाना
- ✓ C. शेफाली वर्मा
- ✗ D. दीप्ति शर्मा

Q.47 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित करना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : CGW :: LDM : %

Ans
- ✗ A. # = AET, % = MFO
- ✗ B. # = ADS, % = NEO
- ✗ C. # = BDT, % = MEP
- ✓ D. # = BET, % = MFP

Q.48 एक मोटरबोट स्थिर जल में 25 km/h की चाल से चलती है। यह धारा के विपरीत दिशा में 80 km की दूरी तय करने में 4 घंटे का समय लेती है। धारा के विपरीत दिशा में उतनी ही दूरी तय करने और फिर धारा की दिशा में वापस आने में नाव द्वारा लगने वाला कुल समय ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 5 घंटे 30 मिनट
- ✗ B. 6 घंटे 20 मिनट
- ✓ C. 6 घंटे 40 मिनट
- ✗ D. 5 घंटे 42 मिनट

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.49 एक प्रिंटर, कंप्यूटर से सूचना प्राप्त करता है और कागज पर उसकी हार्ड कॉपी उत्पन्न करता है। इस गतिविधि के कारण प्रिंटर को _________ कहा जाता है।

Ans
- ✗ A. इनपुट उपकरण
- ✗ B. नेटवर्क उपकरण
- ✗ C. प्राथमिक मेमोरी
- ✓ D. आउटपुट उपकरण

Q.50 यदि $\sin A = \frac{\sqrt{3}}{7}$ और A एक न्यून कोण है, तो $\sqrt{23}\sec A\operatorname{cosec} A$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. $\frac{49\sqrt{6}}{6}$
- ✗ B. $\frac{14\sqrt{46}}{3}$
- ✗ C. $\frac{7\sqrt{3}}{4}$
- ✗ D. $\frac{14\sqrt{3}}{45}$

Q.51 दो नल एक टंकी को क्रमशः 4 घंटे और 37 घंटे में भर सकते हैं। तीसरा नल उसे 37 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी नल एक साथ खोले जाएं, तो खाली टंकी को एक चौथाई भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans
- ✗ A. 3
- ✓ B. 1
- ✗ C. 4
- ✗ D. 2

Q.52 सात बक्से P, A, R, E, N, T और S एक के ऊपर एक रखे हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। A और S के बीच केवल दो बक्से रखे हैं। N के नीचे केवल E रखा है। A के ऊपर केवल R रखा है। T, S के ठीक ऊपर नहीं रखा है। P और E के बीच कितने बक्से रखे हैं?

Ans
- ✗ A. एक
- ✓ B. दो
- ✗ C. एक भी नहीं
- ✗ D. तीन

Q.53 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर चुनें।
प्रश्न: पाँच पार्सल – अल्फा, ब्रावो, कार्गो, डेल्टा और इको – का वजन अलग-अलग है।
इनमें से सबसे हल्का पार्सल कौन-सा है?
(I) ब्रावो, अल्फा से भारी है लेकिन कार्गो से हल्का है।
(II) डेल्टा, ब्रावो से भारी है लेकिन इको से हल्का है।

Ans
- ✗ A. कथन I में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है
- ✓ B. प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन I और II दोनों एक साथ पर्याप्त हैं (केवल कथन I या केवल कथन II नहीं)
- ✗ C. कथन I और II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
- ✗ D. कथन II में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है

Q.54 प्रथम विश्व युद्ध के दौरान गदर पार्टी का क्रांतिकारी प्रयास काफी हद तक असफल क्यों रहा?

Ans
- ✗ A. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का कड़ा विरोध
- ✓ B. सशस्त्र क्रांति के प्रति लोक उदासीनता
- ✗ C. ब्रिटिश खुफिया तंत्र द्वारा पकड़े जाना और आंतरिक विश्वासघात
- ✗ D. अंतर्राष्ट्रीय सहयोगियों से समर्थन का अभाव

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.55 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:

सभी द्रव, जल है। सभी जल, रस है। कुछ रस, सिरप हैं।

निष्कर्षः

(I) सभी द्रव, रस हैं।

(II) कुछ सिरप, द्रव हैं।

Ans

- ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ B. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✓ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.56 साधारण ब्याज पर किसी धनराशि के 15 वर्षों में दोगुना होने के लिए वार्षिक ब्याज दर (प्रतिशत में, दशमलव के बाद दो स्थानों तक पूर्णांकित) कितनी होगी?

Ans

- ✗ A. 13.34
- ✗ B. 4.67
- ✓ C. 6.67
- ✗ D. 8.67

Q.57 एक निश्चित कूट भाषा में, 'repair the mobile' को 'gf ed ls' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है तथा 'mobile is lost' को 'sq gf tf' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'mobile' को कैसे कूटबद्ध किया गया है?

Ans

- ✗ A. ed
- ✗ B. ls
- ✓ C. gf
- ✗ D. sq

Q.58 एक दुकानदार ने 42 दर्जन वस्तुएं ₹630 प्रति दर्जन की दर से खरीदीं। उसने प्रत्येक वस्तु ₹63 की दर से बेची। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans

- ✗ A. 23%
- ✗ B. 21%
- ✓ C. 20%
- ✗ D. 17%

Q.59 मजनू शाह का संबंध निम्नलिखित में से किस विद्रोह से है?

Ans

- ✗ A. संथाल विद्रोह
- ✓ B. फकीर-संन्यासी विद्रोह
- ✗ C. नील विद्रोह
- ✗ D. कोल विद्रोह

Q.60 निम्नलिखित में से कौन अपनी उन कृतियों की रचना के लिए प्रसिद्ध है जो अपनी मननशील/चिंतनशील प्रकृति और धीमी, समृद्ध एवं अलंकृत शैली के माध्यम से राग के सार को ग्रहण करने पर बल देने के लिए जानी जाती हैं?

Ans

- ✗ A. रामानुज श्रीनिवासनी
- ✓ B. मुत्तुस्वामी दीक्षितर
- ✗ C. कुमारस्वामी कुट्टी
- ✗ D. त्यागराज अयंगर

**Q.61** 52वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1985 द्वारा लागू लागू दल-बदल विरोधी कानून के अंतर्गत किस कार्रवाई से स्वतंत्र सांसद अयोग्य घोषित हो सकते हैं?

**Ans**
- ✗ A. दल सचेतक से अलग मतदान करना
- ✗ B. गठबंधन सरकार का समर्थन करना
- ✓ C. अपने निर्वाचन के बाद किसी भी राजनीतिक दल में शामिल होना
- ✗ D. बहस के दौरान तटस्थ रहना

**Q.62** नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करने वाले त्रिक का चयन करें। दिए गए दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
DASH-ASHD-SHDA
GAME-AMEG-MEGA

**Ans**
- ✗ A. IRON-RONI-ONRI
- ✗ B. JAIL-LJAI-ILJA
- ✗ C. FADE-EDAF-DAEF
- ✓ D. BALD-ALDB-LDBA

**Q.63** छह क्रमागत सम संख्याओं का औसत 175 है। उनमें में से सबसे छोटी संख्या कौन-सी है?

**Ans**
- ✗ A. 168
- ✗ B. 172
- ✓ C. 170
- ✗ D. 166

**Q.64** निम्नलिखित में से कौन-सा कोशिका अंगक, कोशिका की आकृति को बनाए रखने और संरचनात्मक सहायता प्रदान करने के लिए उत्तरदायी है?

**Ans**
- ✗ A. परऑक्सिसोम (Peroxisome)
- ✓ B. कोशिकापंजर (Cytoskeleton)
- ✗ C. गॉल्जी उपकरण (Golgi apparatus)
- ✗ D. न्यूक्लियस (Nucleus)

**Q.65** विंडोज 11 में आंशिक नामों वाली फ़ाइलों को खोजने के लिए आप किसका उपयोग करते हैं?

**Ans**
- ✗ A. एम्परसेंड &
- ✗ B. डॉलर $
- ✗ C. ऐट द रेट @
- ✓ D. एस्टरिसक *

**Q.66** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।
कथन:
सभी रेत, पत्थर है। सभी रेत, सीमेंट है। कुछ सीमेंट, कीचड़ है।
निष्कर्ष:
(I) कुछ कीचड़, रेत हैं।
(II) कुछ सीमेंट, पत्थर हैं।

**Ans**
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✓ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ D. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।

**Q.67** एक बाह्य बिंदु A से केंद्र O वाले एक वृत्त पर दो स्पर्श रेखाएँ AB और AC खींची जाती हैं। यदि AB = 30 cm और BC = 24 cm है, तो वृत्त की त्रिज्या (cm में, निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 13
- ✗ B. 12
- ✗ C. 10
- ✗ D. 11

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.68 एक निश्चित तर्क के अनुसार, 108 का संबंध 12 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 234 का संबंध 26 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 198 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/में से घटाना/के साथ गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है)

Ans
- ✗ A. 18
- ✓ B. 22
- ✗ C. 28
- ✗ D. 34

Q.69 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। F, C के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। G, B के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। A और G दोनों का निकटतम पड़ोसी C है। D, G के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है। C के दाएँ से गिनती करने पर B और C के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. 1
- ✗ B. 4
- ✓ C. 2
- ✗ D. 3

Q.70 दो क्रमागत विषम प्राकृत संख्याओं के वर्गों का योगफल 5002 है। दोनों संख्याओं का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 100
- ✗ B. 96
- ✗ C. 112
- ✗ D. 110

Q.71 अनिरुद्ध 48 km की दूरी 12 km/h की चाल से, 52 km की दूरी 13 km/h की चाल से और 120 km की दूरी 15 km/h की चाल से तय करता है। उसकी औसत चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 13.75
- ✗ B. 12.5
- ✗ C. 15
- ✗ D. 14.5

Q.72 बॉयल का नियम (Boyle's law) __________ के बीच संबंध का वर्णन करता है।

Ans
- ✗ A. आयतन और तापमान
- ✗ B. ऊर्जा और आयतन
- ✗ C. दाब और तापमान
- ✓ D. आयतन और दाब

Q.73 अगस्त 2025 में किन राज्यों में सामान्य से 30-70% कम वर्षा हुई, जिसके कारण फसलों पर प्रभाव पड़ा और पानी की कमी हुई?

Ans
- ✗ A. ओडिशा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, और आंध्र प्रदेश
- ✓ B. लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, UP, पंजाब, और उत्तर-पूर्व
- ✗ C. केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गोवा, और गुजरात
- ✗ D. राजस्थान, हरियाणा, सिक्किम, असम, मणिपुर, और त्रिपुरा

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.74 2025 में 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर, भारत सरकार ने ग्राम सभा या अन्य पंचायत बैठकों की ऑडियो/वीडियो रिकॉर्डिंग से स्वचालित रूप से बैठकों के कार्यवृत्त (minutes of meetings - MoMs) तैयार करने के लिए किस AI-संचालित टूल का अनावरण किया?

Ans
- ✗ A. सभासदन (SabhaSadan)
- ✗ B. ग्राम सत्त्व (GramSattva)
- ✓ C. सभासार (SabhaSaar)
- ✗ D. ग्रामविवरन (GramVivaran)

Q.75 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. ZDB
- ✗ B. SWU
- ✓ C. CHE
- ✗ D. MQO

Q.76 वर्ष 2025 तक की स्थिति के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का सबसे बड़ा सोलर पार्क है?

Ans
- ✗ A. पावागढ़ सोलर पार्क
- ✗ B. रीवा सोलर पार्क
- ✗ C. कुरनूल अल्ट्रा मेगा सोलर पार्क
- ✓ D. भादला सोलर पार्क

Q.77 भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में यह निर्दिष्ट किया गया है कि केंद्र शासित प्रदेशों को राष्ट्रपति द्वारा प्रशासित किया जाएगा, जो उनकी देखरेख के लिए एक प्रशासक नियुक्त कर सकता है?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 240
- ✗ B. अनुच्छेद 242
- ✗ C. अनुच्छेद 241
- ✓ D. अनुच्छेद 239

Q.78 अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एक समान हैं तथा इस प्रकार एक ग्रुप का निर्माण करते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. CG-FJ
- ✗ B. WA-ZD
- ✓ C. YC-BE
- ✗ D. AE-DH

Q.79 भारत ने जिस सैन्य अभ्यास 'तालिस्मान सेबर, 2025 (Talisman Sabre, 2025)' में भाग लिया, उसका नेतृत्व किस देश ने किया था?

Ans
- ✗ A. यूनाइटेड किंगडम
- ✗ B. कनाडा
- ✓ C. ऑस्ट्रेलिया
- ✗ D. रूस

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.80 दिए गए आँकड़ों का माध्य (दशमलव के ठीक दो स्थानों तक) ज्ञात कीजिए।

| वर्ग अंतराल | 0-8 | 8-16 | 16-24 | 24-32 | 32-40 | 40-48 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 2 | 4 | 7 | 5 | 3 | 6 |

Ans
A. 24.38
B. 21.56
C. 26.22
D. 29.29

Q.81 निम्नलिखित में से किस मानसून तंत्र को निवर्तनी मानसून (retreating monsoon) भी कहा जाता है?
Ans
A. अग्रगामी मानसून (Advancing Monsoon)
B. पश्चिमी विक्षोभ (Western Disturbance)
C. पूर्वोत्तर मानसून (Northeast Monsoon)
D. दक्षिण-पश्चिम मानसून (Southwest Monsoon)

Q.82 मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए रिट जारी करने की शक्ति ______________ में निहित है।
Ans
A. लोक अदालत और उच्च न्यायालयों
B. सत्र न्यायालय और उच्च न्यायालयों
C. जिला न्यायालय और उच्च न्यायालयों
D. उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों

Q.83 प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) किस वर्ष शुरू की गई थी?
Ans
A. 2018
B. 2020
C. 2016
D. 2022

Q.84 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'
A # B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'G # N # V + K # T' है, तो T का G से क्या संबंध है?
Ans
A. माता का पिता
B. माता की बहन
C. पुत्री की पुत्री
D. बहन की पुत्री

Q.85 एक वृत्तीय पाइप जिसका आंतरिक व्यास 2 cm है, इससे 5 मीटर प्रति सेकंड की दर से जल प्रवाहित होकर एक बेलनाकार टंकी में जाता है, जिसके आधार की त्रिज्या 100 cm है। 13 मिनट में जल का स्तर कितना बढ़ जाएगा?
Ans
A. 31 cm
B. 40 cm
C. 30 cm
D. 39 cm

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.86 निम्नलिखित समीकरणों के निकाय को हल कीजिए।

$$3x - 4y = 6z - 16$$

$$-4x + y + z = -5$$

$$x = 3y + 2(z - 1)$$

Ans
- ✔ A. $x = 2,\ y = -2,\ z = 5$
- ✘ B. $x = 2,\ y = -3,\ z = 5$
- ✘ C. $x = 3,\ y = -2,\ z = 5$
- ✘ D. $x = 3,\ y = -2,\ z = 2$

Q.87 समूह A में 30 सदस्य, समूह B में 72 सदस्य और समूह C में 75 सदस्य हैं। इन समूहों के सभी सदस्य एक रेस्तरां में गए। समूह A, B और C के प्रत्येक सदस्य द्वारा खर्च की गई औसत राशि क्रमशः ₹434, ₹324 और ₹280 है। प्रति सदस्य खर्च की गई समग्र औसत राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 324
- ✘ B. 323
- ✘ C. 326
- ✘ D. 321

Q.88 भारत में गेहूँ मुख्य रूप से किस मौसम की फसल है?

Ans
- ✘ A. मानसून-पूर्व
- ✘ B. जायद
- ✘ C. खरीफ
- ✔ D. रबी

Q.89 दो उम्मीदवारों के बीच हुए चुनाव में, एक उम्मीदवार को कुल वोटों का 38% प्राप्त हुआ और वह 28,800 वोटों से हार गया। मतदाताओं की कुल संख्या कितनी है?

Ans
- ✘ A. 124,000
- ✘ B. 122,000
- ✔ C. 120,000
- ✘ D. 122,800

Q.90 एक रेसिपी में 4 भाग आटे के लिए 3 भाग चीनी की आवश्यकता होती है। अगर एक बेकर 12 कप चीनी का उपयोग करता है, तो उसे समान अनुपात बनाए रखने के लिए कितने कप आटे की आवश्यकता होगी?

Ans
- ✘ A. 18
- ✘ B. 14
- ✔ C. 16
- ✘ D. 15

Q.91 सतत विकास की अवधारणा किस रिपोर्ट (1987) के बाद लोकप्रिय हुई?

Ans
- ✘ A. रियो रिपोर्ट (Rio Report)
- ✘ B. क्योटो रिपोर्ट (Kyoto Report)
- ✘ C. अर्थ रिपोर्ट (Earth Report)
- ✔ D. ब्रंटलैंड रिपोर्ट (Brundtland Report)

Q.92 कांचीपुरम में स्थित 8वीं शताब्दी ईस्वी के कैलाशनाथ मंदिर में मुख्य रूप से किस सामग्री का उपयोग किया गया है?

Ans
- ✘ A. संगमरमर
- ✘ B. ग्रेनाइट
- ✘ C. ईंट
- ✔ D. बलुआ पत्थर

Prepp
Your Personal Exams Guide

| | |
|---|---|
| Q.93 | दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?<br><br>STQ 54 NOL 61 IJG 68 DEB 75 ? |
| Ans | ✗ A. YDJ 81<br>✗ B. YAV 82<br>✓ C. YZW 82<br>✗ D. YYV 81 |

| | |
|---|---|
| Q.94 | किसी वस्तु को भूमि से ऊपर उठाने पर किस प्रकार की ऊर्जा संग्रहित होती है? |
| Ans | ✓ A. स्थितिज उर्जा<br>✗ B. विद्युत ऊर्जा<br>✗ C. ऊष्मा ऊर्जा<br>✗ D. गतिज ऊर्जा |

| | |
|---|---|
| Q.95 | नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(ओं) के परिणामस्वरूप दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया(ओं) के परिणामस्वरूप तीसरी संख्या प्राप्त होती है और यह क्रम इसी प्रकार आगे भी जारी रहता है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न के समुच्चयों में अपनाई गई संक्रियाओं के समान समुच्चय का अनुसरण करता है?<br><br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर गणितीय संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>8 – 64 – 84 – 252; 12 – 144 – 164 – 492 |
| Ans | ✓ A. 5 – 25 – 45 – 135<br>✗ B. 4 – 16 – 46 – 153<br>✗ C. 9 – 81 – 121 – 423<br>✗ D. 14 – 256 – 456 – 969 |

| | |
|---|---|
| Q.96 | निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?<br><br># : KUC :: VFN : % |
| Ans | ✗ A. # = DNV % = CNU<br>✓ B. # = DNV % = CMU<br>✗ C. # = DUV % = CMU<br>✗ D. # = DNV % = CMP |

| | |
|---|---|
| Q.97 | आनुवंशिकी में पनेट वर्ग (Punnett square) का उद्देश्य क्या है? |
| Ans | ✗ A. DNA पुनरावृत्ति का विश्लेषण करना<br>✗ B. गुणसूत्र पर जीन के स्थान की पहचान करना<br>✗ C. किसी व्यक्ति के लक्षणप्ररूप का निर्धारण करना<br>✓ D. आनुवंशिक क्रॉस के परिणामों की भविष्यवाणी करना |

| | |
|---|---|
| Q.98 | एक दुकानदार अपने माल को 55% हानि पर बेचने का दावा करता है, लेकिन वह सदोष तुला का उपयोग करके 75% लाभ अर्जित करता है। 1 kg के स्थान पर वह कितने वास्तविक वजन (दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित) का उपयोग करता है? |
| Ans | ✓ A. 257.1 gm<br>✗ B. 253.1 gm<br>✗ C. 258.4 gm<br>✗ D. 260.7 gm |

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.99 निम्नलिखित को सरल कीजिए।

$$\sqrt[3]{0.216} + \sqrt[3]{0.001} - \sqrt[3]{0.008}$$

Ans
- ✗ A. 0.6
- ✓ B. 0.5
- ✗ C. 0.2
- ✗ D. 0.4

Q.100 तीन मित्रों - X, Y और Z ने 5 : 3 : 7 के अनुपात में धनराशि का निवेश करके एक व्यवसाय शुरू किया। 6 महीने बाद, X ने अपनी पूँजी का आधा हिस्सा निकाल लिया। यदि Z द्वारा निवेश की गई धनराशि ₹14,000 है, तो ₹55,000 के कुल वार्षिक लाभ में से X और Y के लाभ के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹3440
- ✗ B. ₹1910
- ✓ C. ₹3000
- ✗ D. ₹4465

"

Prepp Your Personal Exam Guide